राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 03 मई, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को डाकपत्थर स्थित आसन बैराज का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आसन बैराज स्थित झील के प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर कहा की इस स्थान पर पर्यटन की असीमित संभावनाएं हैं, इसे और विकसित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि इस तरह के नैसर्गिक सौंदर्य वाले स्थानों पर सुविधाओं को बढ़ाने के साथ–साथ प्रचार–प्रसार करने की जरूरत है, जिससे अधिकाधिक पर्यटक यहां आएं। इस दौरान उन्होंने आसन बैराज स्थित बनी हट्स को भी देखा और जीएमवीएन के अधिकारियों से कहा कि सभी हट्स बेहद खुबसूरत बनी हैं इनके बारे में भी लोगों को बताने की जरूरत है। उन्होंने अधिकारियों से कई अन्य जानकारियां भी ली। इससे पूर्व डाकपत्थर स्थित यूजेवीएनएल के अतिथि गृह में विधायक विकासनगर श्री मुन्ना सिंह चौहान ने राज्यपाल का स्वागत किया।

...............0.................